श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
बी-४, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-११००१६

क्रमांक:एफ-3/78/एलबीएस/शै०/2022-23/ 2817 दिनांक:30-09-2022

प्रवेश सूचना २०२२-२३

शैक्षणिक सत्र 2022-23 में आचार्य, एम.ए. अंग्रजी, एम.ए. हिन्दी, एम.ए. हिन्दू अध्ययन, नियमित पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु दिनांक 17.08.2022 को आयोजित लिखित प्रवेश परीक्षा का परीक्षा परिणाम वरीयता सूची के अनुसार दिनांक 26.09.2022 को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर प्रदर्शित किया जा चुका है। वरीयता सूची के अनुसार सम्बन्धित पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु निर्धारित स्थानों पर सम्बन्धित प्रवेश समिति की अनुशंसा के आधार पर अभ्यर्थियों को अस्थाई प्रवेश प्रदान करने ऑफलाईन माध्यम से प्रवेश समितियों द्वारा साक्षात्कार का आयोजन किया जायेगा।

प्रवेश हेतु अभ्यर्थी सम्बन्धित प्रवेश समिति के समक्ष पीठ प्रमुख के कार्यालय में ऑफलाईन माध्यम से अपने मूल-दस्तावेजों तथा उनकी स्वयं सत्यापित प्रतिलिपियों के साथ उपस्थित होंगे। प्रवेश समिति की अनुशंसा के उपरांत ही प्रवेश शुल्क जमा किया जायेगा। अस्पष्ट प्रमाण पत्रों की स्थिति में अस्थाई प्रवेश पर विचार नहीं किया जायेगा। सम्बन्धित पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु निर्धारित प्रवेश शुल्क दिनांक 10.10.2022 से 18.10.2022 तक लेखा विभाग के कक्ष संख्या: 20 में जमा किया जायेगा। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थियों को निम्नलिखित मूल-प्रमाण पत्र एवं प्रवेश शुल्क को अपने साथ लेकर आना अनिवार्य होगा।

मूल-प्रमाण पत्रों की सूची-

1. पूर्व उत्तीर्ण परीक्षाओं की उत्तीर्णता के विषय में विश्वविद्यालय अथवा मान्यता प्राप्त संस्था से प्राप्त मूल-प्रमाण पत्र।
2. मूल जन्मतिथि प्रमाण पत्र (मैट्रिक या तत्समकक्ष परीक्षा का प्रमाण-पत्र)
3. मूल चरित्र प्रमाण-पत्र।
4. मूल स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र (माईग्रेशन)
5. पूर्व परीक्षाओं की मूल अंकतालिकाएं
6. आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण-पत्र।
7. आधार कार्ड की प्रतिलिपि।
8. बैंक खाते के पासबुक की प्रतिलिपि।

यह सूचना सक्षम अधिकारी की स्वीकृति से जारी की जा रही है।

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

प्रतिलिपिः— सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त पीठ प्रमुखों एवं विभागाध्यक्षों को इस आशय से प्रेषित कि पूर्व में गठित प्रवेश समितियों को जारी सूचना के अनुसार अपने–अपने पीठ से सम्बन्धित प्रवेश प्रक्रिया को नियमानुसार पूर्ण करें।
2. निदेशक आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं कुलानुशासक
3. पीठ प्रमुख (शैक्षणिक)
4. पीठ प्रमुख (छात्र कल्याण)
5. उपकुलसचिव (परीक्षा एवं शैक्षणिक)
6. उपकुलसचिव, लेखा
7. संगणक विभाग को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाईट प्रेषित करने का कष्ट करें।
8. निजी सचिव–कुलपति/कुलसचिव
9. कार्यालय आदेश पत्रावली
10. सूचना पट्ट

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

Sh. Gyan

03/10/2022

Sh. Sachin

03/10/2022